Need to establish a planetorium at Gorakhpur, Uttar Pradesh.-laid

श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन **(गोरखपुर) :** गोरखपुर उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल का सबसे बड़ा महानगर है । गोरखपुर शिक्षा ,व्यापार और पर्यटन का एक बड़ा केंद्र है । पूर्वांचल और बिहार के लगभग 20 ज़िले अपने विभिन्न ज़रूरतों के लिए गोरखपुर पर निर्भर है । यहाँ रेलवे का बहुत बड़ा नेटवर्क है यहाँ एयरपोर्ट भी है । गोरखपुर और इसके आस पास के ज़िलों के छात्र बड़े मेधावी हैं । उनमें अपार संभावनाएँ हैं । गोरखपुर में एक विश्वविद्यालय और चिकित्सा महाविद्यालय भी है लेकिन खगोलीय ज्ञान विज्ञान की जानकारी देने के लिए एक तारामंडल (प्लेनेटोरियम) नहीं है । गोरखपुर में तारामंडल (प्लेनेटोरियम) की स्थापना के लिए जो भी सहायता चाहिए उसे राज्य सरकार उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है । अतः मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूँ कि गोरखपुर में एक तारामंडल (प्लेनेटोरियम) की स्थापना करने की दिशा में तत्काल निर्णय की कृपा करें ताकि इस क्षेत्र के बच्चों को खगोलीय ज्ञान विज्ञान की जानकारी देकर उनके व्यक्तित्व को समृद्ध बनाया जा सके ।